पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———————

राजभवन में महिलाओं को शाकभाजी एवं मशरूम का क्रियात्मक प्रशिक्षण

—————————

गमलों में महिलाएं जैविक शाकभाजी का करें उत्पादन

————————

सब्जियां विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों, खनिजो तथा विटामिन की समृद्ध स्रोत

—श्रीमती आनंदीबेन पटेल

—————————

लखनऊः 6 जनवरी, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन उद्यान की गृह वाटिका में राजभवन में कार्यरत एवं आवासित परिवार की महिलाओं के लिए शाकभाजी एवं मशरूम उत्पादन विषयक दो दिवसीय कार्यक्रम ”आओ करके सीखें” का आयोजन 5 एवं 6 जनवरी, 2022 को किया गया, जिसके अंतर्गत ”गमले में शाकभाजी उत्पादन” तथा ”मशरूम उत्पादन” का क्रियात्मक प्रशिक्षण महिलाओं को दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर राज्यपाल जी ने महिलाओं को बताया कि सब्जियां विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों, खनिजों तथा विटामिन की समृद्ध स्रोत हैं। मशरूम में प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। महिलाएं शाकभाजी तथा मशरूम उत्पादन की क्रियात्मक गतिविधियों को सीखकर अपने घरेलू कार्यों के उपरान्त बचे अतिरिक्त समय का सदुपयोग कर उपलब्ध सीमित संसाधनो से ही कम से कम जगह में छत पर या घर में रिक्त अन्य स्थान पर वर्ष भर जरूरत के अनुसार विभिन्न प्रकार के शाकभाजी एवं मशरूम उगाकर अपने भोजन की थाली को पोषक तत्वों से संतुलित तथा भरपूर कर सकती हैं तथा पूरे परिवार को लाभान्वित कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयं द्वारा उत्पादित हरी ताजी

सब्जियां तथा मशरूम अपने परिवार के सभी सदस्यों को पौष्टिक आहार के रूप में उपलब्ध कराना है।

व्यवहारिक प्रशिक्षण राजभवन उद्यान इकाई के माध्यम से 'यू रेनबो स्टार एग्रो मशरूम' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री संतराम बघेल एवं निदेशक सुश्री ईशा द्वारा दिया गया। व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उत्पादन, गमले की भराई, गमले में सब्जी उत्पादन के संबंध में विस्तृत क्रियात्मक जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि मशरूम की सबसे प्रचलित किस्म ढिंडरी है, उसके उत्पादन एवं रखरखाव की जानकारी महिला प्रतिभागियों को दी गयी तथा प्रतिभागी महिलाओं को शाकभाजी उत्पादन एवं मशरुम उत्पादन के किट भी प्रदान किये गये।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, विशेष सचिव श्री बी0एन0 सिंह एवं राजभवन के उद्यान अक्षीक्षक श्री धीरेन्द्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं उपस्थित थी।

————————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (125/8)
सम्पर्क सूत्र 9453005360